हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

04 पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में हुआ साप्ताहिक...


07 हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने, जल्द पूरा कराएं...





## खबर संक्षेप में



### संबल योजना के अंतर्गत मृतक सनाउल्लाह के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की

**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 1 निवासी मृतक सनाउल्लाह पिता अता हुसैन की मृत्यु उपरांत शासन द्वारा निर्धारित अंत्येष्टि सहायता राशि 5 हजार रुपये उनके परिजनों को प्रदान की गई। यह सहायता राशि राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह पार्षद प्रतिनिधि भूरू मेव उपस्थित रहे। सभी ने मृतक के परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।


### आधा सावन निकलने के बाद भी हुई महज दस इंच से कम वर्षा

**नलखेड़ा।** इस वर्ष क्षेत्र में आधा सावन निकल जाने के बाद भी कुल 10 इंच वर्षा भी नहीं हुई है। जिसके चलते ना तो भूजल स्तर बढ़ा है और ना ही जलाशयों में संग्रहित पानी का स्तर बढ़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रातः 8 बजे तक तहसील में अभी तक कुल 250 मिमी (9.84 इंच) वर्षा दर्ज की गई है जोकि 10 इंच से भी कम है। क्षेत्र में इस वर्ष अभी तक झमाझम वर्षा का दौर आना चाहिए वह नही आया है। मानसून के आगमन से अभी तक मात्र रिमझिम अथवा बूंदा बांदी ही हो रही है। अपवाद स्वरूप कुछ समय तक तेज वर्षा हुई है। कुछ दिनों पूर्व वर्षा की लंबी खेंच के कारण खरीफ फसलें मुरझाने भी लगी थी उसके बाद ग्रामीणजनों द्वारा इंद्र देवता को मनाने के लिए उज्जैनी भी गई थी वही नलखेड़ा में खेड़ादेव भी पूजे गए थे। उसके बाद फिर हल्की वर्षा प्रारम्भ हुई थी। जिससे फसलों को तो जीवनदान मिल गया लेकिन झमाझम का इंतजार ही रह गया। यही कारण है कि अभी तक क्षेत्र का भूजल स्तर नही बढ़ा है जिससे जलस्रोतों में पर्याप्त पानी भी नही आया है। क्षेत्र में स्थित कुंडालिया बांध सहित अन्य जलाशयों में संग्रहित पानी का स्तर भी अभी तक नही बढ़ पाया है। जिसके चलते किसानों के साथ ही आमजन के माथे पर भी चिंता की लकीरें उभरने लगी है। वर्षाकाल मात्र डेढ़ माह का शेष रहा है जिसमे उम्मीद की जा रही है कि क्षेत्र में औसत वर्षा 36 इंच का आंकड़ा छू ले। गत दो दिन हल्की वर्षा के बाद शुक्रवार को मौसम साफ रहा।

## गुणानुवाद सभा में आचार्य श्री महाराज के जीवन पर डाला विस्तृत प्रकाश

# आगमोद्वारक आंनदसागर सूरीश्वरजी की 151 वीं जन्म जयंती हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





आगमोद्वारक श्री आंनदसागर सूरीश्वरजी महाराजा की 151 वीं जन्म जयंती हरियाली अमावस्या पर जैन समाज व नवरत्न परिवार द्वारा आचार्य श्री का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुणानुवाद सभा का आयोजन कर आचार्य श्री के जीवन पर साध्वीजी तथा समाज जनों द्वारा प्रकाश डाला गया। रात्रि में पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। सागर समुदाय के गणनायक,आगमोद्वारक श्री आंनदसागर सूरीश्वरजी महाराजा की 151 वीं जन्म जयंती पर जैन श्वेतांबर समाज नलखेड़ा द्वारा धार्मिक आयोजन चातुर्मास में विराजित प.पू. प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि म.सा., प.पू. पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-05 की पावन निश्रा में किया गया। सागर जी महाराज की जन्म जयंती पर गुणानुवाद सभा में साध्वी मंडल तथा समाजजनों द्वारा आचार्य श्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया गया कि प्राकृत भाषा में लिखित आगम को सागर जी महाराज ने हिंदी में लिपिबद्ध कर 45 आगम आज समाज के लिए धरोहर के रूप में छोड़े हैं। सागरजी महाराज को जंगम पुस्तकालय के रूप में जाना एवं पहचाना जाता है। अनेक तीर्थ की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई भी उनके द्वारा लड़ी गई।

कार्यक्रम में सागर जी महाराज के नवीन चित्र का अनावरण कर आगमोद्वारक श्री के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित तथा धूप,दीप,वासक्षेप से पूजन कर चित्र पर माल्यार्पण लाभार्थी गौतमकुमार पुनीतकुमार फाफरिया परिवार द्वारा किया गया। मीनल सकलेचा व अन्य महिलाओं के द्वारा आराधना भवन में आकर्षक व सुंदर रंगोली भी बनाई गई।

### सामूहिक भक्तामर पाठ के साथ स्नात्र पूजा का आयोजन हुआ



सागरजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर नवरत्न परिवार द्वारा गुरुवार को श्री चंद्रा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में सामूहिक भक्तामर पाठ के साथ स्नात्र पूजा रखी गई। इसके पूर्व नवरत्न परिवार के सदस्य सह जोड़े पूजा की ड्रेस में जैन आराधना भवन से प्रातः 5:30 बजे घंटनाद और शंखनाद के साथ मंदिर जी पहुंचें। जहां भक्तामर पाठ के साथ परमात्मा का अभिषेक पूजन किया। गुरुवार रात्रि को जैन आराधना भवन में पाठशाला के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। श्री संघ की ओर से बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गये।

### दादा गुरुदेव पूजन हुआ

श्री पार्श्व कुशल जिनमंदिर दादावाड़ी, नलखेड़ा पर अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को दादा गुरुदेव पूजन लाभार्थी सुरेशचद,प्रकाशचंद,विजयकुमार,पंकज, अभिषेक फाफरिया परिवार नलखेड़ा की ओर से रखी गई। पूजन श्री चंद्रप्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई गई।



## जैन समाज के चातुर्मास के दौरान...

# नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली गई

### समाजजनों के घरों पर सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा।

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी म.सा.की सुशिष्या रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा- 05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। सोमवार से 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। गुरुवार को नवकार मंगल कलश पारसमल मोहितकुमार फाफरिया परिवार के यहां प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं ने भाग लिया। इसके पूर्व साध्वीजी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा फाफरिया के निवास स्थान पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना की गई। प्रभावना का वितरण किया गया। रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप हुए।

# महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र का काठमांडू में हुआ स्वागत

**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित आश्रम के परम पूज्य गुरुदेव, ₹अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज₹ (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान नेपाल पहुँचने पर नेपाल के पूर्व गृहमंत्री बाल कृष्ण खाँड ने पूज्य गुरुदेव का नेपाल आगमन पर काठमाण्डु में अभिनंदन कर पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया। 10 दिवसीय मानसरोवर यात्रा के तहत गुरुवार प्रातः स्वामीजी नलखेड़ा स्थित आश्रम से सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना हुवे थे। जहाँ से हवाई मार्ग से काठमांडू नेपाल पहुंचें। जहाँ महामंडलेश्वर जी द्वारा भगवान पशुपतिनाथ गुहेशवरी माता शक्ति पीठ तथा बूढ़ा नीलकंठ मंदिर के दर्शन किये। यहां से कैरूंग बोर्डर के लिए प्रस्थान करेंगे।





# बड़ागांव मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़ागाँव के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दरबारसिंह का स्वागत किया गया। भाजपा मंडल बड़ागाँव के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दरबारसिंह का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा के प्रतिष्ठान पर साफा बांध पुष्पहारों से स्वागत कर मुँह मीठा करवाया गया। इस दौरान श्री सकलेचा, जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष नाथूलाल परमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश पाटीदार, दिलीप खंडेलवाल, सुबोध सकलेचा, पचलाना सरपंच पवन पाटीदार, धरोला मंडल महामंत्री तूफानसिंह गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं परिषद ने दिया जागरुकता का संदेश

# हरियाली अमावस्या पर सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर केशव कुंज, नलखेड़ा में हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण गतिविधि तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अनेक प्रजातियों के छायादार, फलदार व औषधीय पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक पवन चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण को जीवन की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि ₹पौधा केवल वृक्ष नहीं, भावी पीढ़ी के लिए जीवनदायिनी सांस है। राष्ट्रीय सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका भार्गवी जोशी ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण रक्षा हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

प्राचार्य ईश्वर सिंह सोलंकी ने सभी को वृक्षारोपण की सतत श्रृंखला बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम मे किशन नाथ, जीवन पूरी, दीपक गौड़, जगदीश राठौर, शिवम नागर, घनश्याम सोनी, गिरिराज कुंभकार एवं कुलदीप गायरी सहित अनेक समिति सदस्य मनोज फाफरिया, गोविंद वेदिया, तरुण राठौर प्रधानाचार्य, अशोक प्रजापति, आचार्यगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा के तहत ग्राम रामदासी में हरियाली यात्रा निकालकर सभा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् इछावर द्वारा नवांकुर संस्था रामदासी सेक्टर वीरपुर डेम द्वारा हरियाली यात्रा निकाल कर सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र सिंह एवं सरपंच ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

सर्वप्रथम सेक्टर से चिन्हित नवांकुर सखियों ने कलश पौधे के साथ नवांकुर संस्था कार्यालय से यात्रा प्रारंभ कर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए सोसायटी परिषद सभा स्थल तक पहुंचे जहां पर सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। सेक्टर प्रभारी दिनेश वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। राजेन्द्र सिंह द्वारा सभी को पौधारोपण करने के लिए सभी से आग्रह किया गया और पौधे को संरक्षित भी करना है जिसकी निगरानी के लिए हर माह अधिकारी कर्मचारियों भी देखने आएंगे सभी माता बहनों को हर घर पौधा घर-घर पौधा लगाना है और आज हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया इस कार्यक्रम को इसलिए उन्होंने जन अभियान परिषद को धन्यवाद भी कहा। पर्यावरण बचाना है जल संरक्षण में भी इससे काफी सहयोग होता है वाटर लेवल बढ़ता है। इसके बाद विकासखंड समन्वयक बीलू भिलवारे द्वारा उद्बोधन में बताया गया की मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद इछावर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा विकासखंड इछावर के पांचों सेक्टर में होनी है जिसकी शुरुआत ग्राम रामदासी से प्रारंभ की गई। नवांकुर सखी योजना में स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण किया जाना है । नवांकुर सखी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश भर में चल रहा हे जिसमें नवांकुर सखियों को स्वैच्छिकता के आधार पर 11- 11 पौधे दिए जा रहे हे उन पौधे की देख भाल सभी महिलाएं एक पुत्र के समान करेगी और पर्यावरण को हरा भरा करने में सहयोग करेगी।

## अमर शहीद कुंवर चैनसिंह की शहादत दिवस पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

# देश के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं : नरेंद्र सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर शासन की ओर से गाड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने अमर शहीद कुँवर चैनसिंह को श्रद्धा सुमन आर्पित किए।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अमर शहीद कुँवर चैन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुझे आज उस पावन धरती पर आने का सौभाग्य मिला है, जिस भूमि पर आजादी के लिए एक प्रकार से पहली सशस्त्र क्रांति की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में सबसे पहले देश है। उन्होंने कहा कि देश होगा, तभी हम सभी होंगे। बिना देश के हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद कुँवर चैनसिंह की शहादत इस बात की प्रेरणा देती है कि कुँवर चैनसिंह के मन में थोड़ा भी लालच होता तो उनकी शहादत नहीं होती और राजशाही जीवन व्यतीत कर सकते थे। लेकिन उन्होंने देश को सबसे ऊपर रखा और भारत को आजाद करने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पद, प्रतिष्ठा, धन, दौलत की पूजा नहीं होती, बल्कि व्यक्ति के गुणों की पूजा होती है। व्यक्ति के गुणों के कारण ही उन्हें सदैव याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि आज यहां इतनी बड़ी संख्या में नागरिक कुँवर चैनसिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं, तो वह केवल उनके देश के प्रति समर्पण और बलिदान के कारण। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल, बलवंत राव फड़के, दुर्गा देवी सहित अनेक देशभक्तों और क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया, पर इन बलिदानियों को मजहब के आधार पर कोई नही जानता, बल्कि देश के लिए किए गए बलिदान के लिए इन्हें पूरा देश नमन करता है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही समाज को प्रेरणा देते हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने नगर पालिका द्वारा कम्युनिटी हॉल का नाम कुँवर चैनसिंह के नाम पर रखे जाने तथा उनकी गौरव गाथा को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा इस आयोजन के लिए बलवीर सिंह तोमर की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम केवल जयंती या शहादत दिवस के अवसर पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि साल में कई बार ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। ताकि नागरिकों को इनसे प्रेरणा मिले और आने वाली पीढियां इन बलिदानियों के बारे में जान सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को केंद्र में रखकर भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि उन्हें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों के बारे में पता चले और उनसे प्रेरणा लेकर वह एक अच्छे नागरिक और देशभक्त बन सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि कुँवर चैनसिंह और उनके साथी हिम्मत खां, बहादुर खां के नाम पर बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए तथा उसमें बच्चों को सम्मानित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, पूर्व विधायक एवं अमर शहीद कुँवर चैन सिंह के वंशज राजर्वधन सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, हिम्म्त खां बहादुर खां के वंशज जेडएके लोधी तथा भारत जोड़ो समिति के बलवीर सिंह तोमर ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण



**चापडा।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को कर्णेश्वर मंडल अंतर्गत बिलावली,बरखेड़ा सोमा,करनावद,गाराखेडी , बिंजूखेडा ,चापडा सहित अन्य स्थानों पर भाजपा जिला जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, गोसंवर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नारायण व्यास, मंडल अध्यक्ष जसपालसिंह सेंधव, गोविंद यादव की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पौधरोपण अभियान व संगठन के संबंध जानकारी दी।मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व कार्यकताओं के साथ वृहद वृक्षारोपण किया। जिले की सबसे बड़ी धार्मिक कावड यात्रा का स्वागत किया गया। सेंधव व्दारा जिले कि सबसे बड़ी कावड़ यात्रा के लिए भोजन व्यवस्था करने वाले रामचंद्र पाटीदार एवं बद्रीलाल पाटीदार का स्वागत सम्मान शाल श्रीफल भेंट कर किया गया।

### बागली में युवती ने की आत्महत्या

**बागली।** नगर में वर्षा चौहान नामक लड़की ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक वर्षा चौहान निवासी बेहरी ग्राम की निवासी थी और उसने प्रेम विवाह किया था, लेकिन जब उसे पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है, तो दोनों के बीच विवाद हुआ। इसी विवाद के चलते मृतक वर्षा चौहान ने जहरीला पदार्थ खा लिया।पुलिस ने बताया कि मृतक वर्षा चौहान को उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शासकीय अस्पताल बागली में मृतक वर्षा चौहान के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी प्रदीप राय ने बताया कि पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रभारी प्राचार्य व सीएमएचओ स्थापना शाखा के बाबू को किया निलंबित

# स्वास्थ्य ओआईसी के निरीक्षण के बाद कॉलेज में मिली अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

नर्सिंग कॉलेज की छात्रों ने डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य ओआईसी को बुधवार को बताई थी हॉस्टल की बदहाली, जिसे हरिभूमि ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित






शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्रों ने डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य ओआईसी को बताई हॉस्टल की बदहाली

लोगों को स्वस्थ रखने ट्रेनिंग ले रही छात्राओं के स्वास्थ्य की गारंटी नहीं, स्वास्थ्य अधिकारी को निरीक्षण में मिली अनियमित्ताएं

प्रतिवर्ष शासकीय नर्सिंग कॉलेज संचालन के लिए आवंटित लगभग 12 लाख रुपए की राशि अन्य मदों से निकलने की आशंका।

हरिभूमि न्यूज देवास

नर्सिंग महाविद्यालय के हालात

ऐसा चावल परोसा जाता है छात्राओं को

इस जगह से पानी लेती है छात्राएं

पानी की टंकी में मिला मरा हुआ सांप

ड्रेस, किताबें कॉलेज से खरीदने का दबाव

लगभग 12 लाख मिलता है कॉलेज मेंनटेंस

सरकारी बाबू के किराना मार्ट से आता है घटिया राशन

दूषित पानी से बनता है खाना

निरीक्षण में मिली है कई अनियमिताएं, कराएंगे जांच

अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर जिला स्वास्थ्य ओआईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खबर का असर

जिला चिकित्सालय के शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य और सीएमएचओ कार्यालय की स्थापना शाखा में पदस्थ बाबू को निलंबित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि नर्सिंग महाविद्यालय में पाई गई अनियमितताओं के चलते पिछले दिनों सिटी मजिस्ट्रेट ने कॉलेज का निरीक्षण किया था। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिस पर जिला स्वास्थ्य ओआईसी अभिषेक शर्मा ने संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह को निरीक्षण के दौरान मिली गंभीर अनियमितताओं की प्रारंभिक जांच सौंपी। कलेक्टर का जांच प्रतिवेदन क्षेत्रीय संयुक्त संचालक दीपक पिप्पल को भेजा गया। जांच प्रतिवेदन पर क्षेत्रीय संयुक्त संचालक ने कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई की। आदेश में उल्लेख है कि शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं ने सीएमएचओ कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर सामूहिक रूप से नर्सिंग महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों व अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर जाकर छात्राओं से चर्चा की व नर्सिंग महाविद्यालय छात्रावास में छात्राओं के साथ जाकर स्थल निरीक्षण किया था। छात्राओं ने सीएमएचओ के नाम से संबोधित ज्ञापन भी दिया था। जिसमें छात्राओं को हो रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया था। छात्रावास की पानी की टंकी में मृत सांप पाया गया, जो कि छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। प्रकरण में सिटी मजिस्ट्रेट शहर द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण कार्रवाई उपरांत कलेक्टर को प्रस्तुत प्रतिवेदन में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य निहारिका श्रीवास्तव व सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 पुरुषोत्तम पाटीदार दोषी माना है। गौरतलब है कि सीएमएचओ कार्यालय की स्थापाना शाखा में पदस्थ पुरुषोत्तम पाटीदार के किराना मार्ट से नर्सिंग कॉलेज में सामान आता है।

निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय सीएमएचओ कार्यालय शाजापुर रहेगा। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। ज्ञात हो कि शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी असहनीय परेशानी को लेकर सीएमएचओ कार्यालय में प्रदर्शन किया। नर्सिंग छात्रों ने कॉलेज और हॉस्टल की बदहाली की पोल खोल कर रख दी। छात्राओं ने हॉस्टल में उन्हें किस तरह का घटिया खाना, दूषित जल, बाथरूम के टूटे दरवाजे ,पीने के पानी का बंद आरओ सहित अनावश्यक रूप से लादी गई पेनल्टी का जिक्र डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य नोडल अभिषेक शर्मा से किया। नर्सिंग छात्राओं का कहना था कि दूषित जल से खाना बनाया जाता हैं, निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसा वसूला जाता हैं फिर चाहे वह पोर्टल फीस, मेस फीस ड्रेस और किताबों के नाम पर लिए जाने वाला शुल्क हो। छात्राएं न केवल हॉस्टल की बदहाली से परेशान थी बल्कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा लगाए गए जबरन फाइन से भी परेशान हो चुकी हैं। बुधवार सुबह शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की फर्स्ट ईयर और फोर्थ ईयर की लगभग 100 से ज्यादा छात्राएं सीएमएचओ कार्यालय पहुंची थी। छात्राएं सीएमएचओ को अपनी समस्याएं सुनाना चाहती थी लेकिन सीएमएचओ नदारद थी।

हालांकि डीएचओ डॉ. मनीषा मिश्रा ने छात्राओं को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्राएं नहीं मानी और सीएमएचओ से बात करने के लिए अड़ी रही। छात्राओं के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे और छात्राओं की आपबीती सुनीं।डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने छात्राओं से लंबी चर्चा कर छात्राओं की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना और हॉस्टल का निरीक्षण किया। छात्राओं की समस्या सुन शर्मा भी अचंभित हो गए उन्होंने जवाबदारों को फटकार लगाई और अव्यवस्थाओं में संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर करवाने की बात कही थी।

# पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में हुआ साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

डीआरपी ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को अनुशासन,कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए गए साथ ही उत्कृष्ट टर्न आउट वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया ।

परेड में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूर्ण अनुशासन के साथ भाग लिया और शानदार मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। आयोजन के उपरांत पुलिस अधीक्षक गेहलोद द्वारा डीआरपी लाइन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक देवास रंजीत ठाकुर, सुबेदार आनंद कलेसरिया, सुबेदार संगीता कनेश सहित अनेक पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। परेड के पश्चात एसपी ने डीआरपी लाइन परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत व सामूहिक समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर कार्य व्यवस्था, स्वच्छता एवं अनुशासन के लिए सभी को प्रेरित किया।

उक्त आयोजन न केवल पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक दक्षता का प्रदर्शन था, बल्कि पुलिसकर्मियों के मनोबल को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर देवास जिले के ग्राम खटांबा और राजोदा में किया। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों में सेक्टर स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम राजोदा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत महाकाल भगवान एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई।

इसके पश्चात कलश यात्रा निकाली गई, बेलपत्र बीज और पौधे वितरित किए गए तथा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता गुप्ता, टास्क मैनेजर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि अजीता परमार, शासकीय निकाय सदस्य एवं शिव प्रसाद मालवीय, संभाग समन्वयक, सचिन शिम्पी, जिला समन्वयक, रविन्द्र सिंह भाटी और दीपक सिंह ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति रही। डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि नवांकुर सखी कार्यक्रम पूरे प्रदेश के 313 विकासखंडों में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य है प्रदेश को हरा-भरा बनाना। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नवांकुर सखियों की अहम भूमिका है।

विशेष अतिथि अजीता परमार ने बीजारोपण से पौधों की नर्सरी तैयार करने और उससे पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय ने पौधे को बच्चों की तरह पालने की तुलना करते हुए इसके संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में देवेंद्र भंडारी, पूजा बैरागी, नीलम चौहान, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, नीरज बैरागी, रविन्द्र सिंह, प्रतिभा ठाकुर, प्रगति कुंडल, पंकज प्रधान, पलक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संस्था संकल्प कायाकल्प द्वारा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया। संचालन केपी सिंह राजपूत द्वारा तथा आभार प्रदर्शन ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीलम सोनी ने किया।

## आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई कर तीन प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को देवास शहर में रात्रि के समय मुखबिर सूचना के आधार पर एक जुपिटर स्कूटर पर एक व्यक्ति से 20 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं एक मोटरसाइकिल पर एक पेटी (50 पाव) देशी मदिरा प्लेन का परिवहन करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा वी.के. रेस्टोरेंट बायपास से 20 पाव देशी मदिरा और 48 केन बियर बरामद की गई है। जिनके विरुद्ध कुल 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद् कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य लगभग 01 लाख 35 हजार रूपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक, प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया आरक्षक आशीष, निहाल खत्री सैनिक किशोर सिसोदिया, अनिल चौहान, अनिल अकोडिया शामिल थे।

## जन शिक्षक ने किया स्कूल का निरीक्षण




**बागली।** जन शिक्षा केंद्र बालक बागली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय कूपगांव का आकस्मिक अवलोकन जन शिक्षक बी योगेश तिवारी एवं नेहा श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान बच्चों की शैक्षणिक दक्षता का मेंटरिंग ऐप पर अवलोकन किया गया। बच्चों की दक्षता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने एवं 3.0 पोर्टल पर समस्त कार्य समय सीमा में करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एमडीएम की गुणवत्ता की जांच भी की गई। विद्यालय की स्वच्छता हेतु निर्देशित किया गया। हरियाली अमावस्या के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गेंदालाल मालवीय, रायसिंह निगम,भाव सिंह कुमारिया तथा विद्यालय के छात्रों के साथ पौधरोपण किया गया।

# नजुल की भूमि स्कूल को देने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं. रितेश त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सांदीपनि स्कूल के लिये वन विभाग के अधीन नजुल भूमि को सांदीपनी स्कूल निर्माण के लिये देने की मांग की है। पं. त्रिपाठी ने पत्र में बताया कि देवास जिला मुख्यालय में बालगढ़ स्थित मॉडल स्कूल को सीएम राइज स्कूल में मर्ज किया है। वर्तमान में सीएम राइज स्कूल का नाम सांदीपनि स्कूल है। पूर्व में स्कूल निर्माण के लिये 42 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई थी। पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के लिये तत्कालीन जिलाधीश से निवेदन किया गया था। उस समय उन्होंने कहा था कि वन विभाग के पास जो नजुल की भूमि है वह स्कूल के उपयोग हेतु हस्तांतरित की जाएगी। परंतु आज दिनांक तक स्कूल के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। वर्तमान में 42 करोड़ की लागत से बनने वाला स्कूल भवन 29 करोड़ 70 लाख की लागत का बन रहा है। भवन छोटा बनने के कारण छात्रों की प्रवेश संख्या भी कम रहेगी। जिला मुख्यालय पर बनने वाला सांदीपनी स्कूल का पर्याप्त लाभ छात्रों को नहीं मिल पाएगा। पूर्व मे तत्कालीन कलेक्टर ऋषव गुप्ता से निवेदन किया था तो उन्होंने कहा था कि पार्किंग, बच्चों के लिये खेल का मैदान वन विभाग के पास नजुल भूमि है उस पर बनाया जाएगा। बच्चों को सड़क क्रास करने के लिए फुट ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। परंतु आज दिनांक तक वन विभाग के पास नजुल की भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। 42 करोड की लागत से बनने वाले भवन की एक मंजिल को कम कर दिया गया है जिससे लागत भी 29 करोड़ 70 लाख के लगभग है। 12 करोड़ के लगभग की राशि वापस चली गई है। अतः आपसे निवेदन है कि पूर्व में ही जिला मुख्यालय पर मॉडल स्कूल की सुविधा मिल रही थी उसी के स्थान पर वर्तमान में सीएमराईज स्कूल का निर्माण किया जा रहा है वो भी पर्याप्त भूमि नहीं मिलने के कारण छोटा बन रहा है। इस हेतु वन विभाग के पास जो नजुल की भूमि है उसका अधिग्रहण करके स्कूल निर्माण हेतु दी जाए।

# पीठाधीश्वर स्वामी का नगर मे हुआ मंगल आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गुरुवार को नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी 1008 श्री विष्णु प्रपंन्याचार्य का नगर में मंगल आगमन हुआ। भौरासा क्रॉसिंग से स्वामी प्रपंन्याचार्य की अगवानी समाज बंधुओ ने की और कई गाड़ियों के काफिले के साथ उन्हें भौरासा लाया गया। छोटा हनुमान चौक पर पंचमुखी हनुमान मंदिर,पर दर्शन पुजन कर वहां से शोभा यात्रा के रूप में स्वामी प्रपंन्याचार्य अनिल मंत्री के निवास पर पहुंचे। उनके साथ हरिद्वार से स्वामी दिव्यांशु महाराज पधारे जिनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रात्रि को स्वामी जी के सानिध्य में झूलन महोत्सव महेश्वरी समाज धर्मशाला पर आयोजित किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री,आकाश अग्रवाल,देवास, मनोज राठौर, आयुष माली ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की प्रस्तुति के बाद स्वामी जी के मंगल प्रवचन हुए जिसमें स्वामी ने भक्तों एवं भगवान के बीच प्रेम के बारे में बताया जिसमें उन्होंने नल एवं दमयंती जो भौरासा में स्थित है इसका उदाहरण भी दिया। झूलन महोत्सव में झूलो को आकर्षक व बहुत ही मनमोहक ढंग से सजाया गया। इस कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज बंधुओ एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। शुक्रवार को स्वामी जी नगर के श्याम बजाज, रमेशचंद्र जाजु ,राहुल मुंदडा, रमेशचंद्र इनानी,प्रकाश मंत्री, महेश मंत्री, अनुज भुतडा,सीमा कारपेंटर,अशोक नागर, सहित सभी भक्तों के घर पाद पूजन करवाने गए। तत्पश्चात स्वामी ने इन्दौर के लिए प्रस्थान किया।

## कांवड़ यात्री और रामदेवरा जाने वाले दर्शनार्थियों का राम रसोड़ा में हो रहा स्वागत

# सावन माह में जिले में जगह-जगह आयोजित हो रहे राम रसोड़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा/भौरासा

सावन माह के चलते प्रतिदिन चापड़ा नगर से अलग-अलग क्षेत्र की कावड़ यात्रा गुजर रही है। इसी के चलते शुक्रवार के दिन भी अलग-अलग समितियों द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा चापडा से गुजरी। इस दौरान महाकाल कांवड यात्रा इच्छावर समिति के कांवड़ियों द्वारा नेमावर से जल लेकर उज्जैन जाते समय चापड़ा में नेमावर रोड पर संचालित राम रसोड़ा पर सभी कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया गया।

राम रसोड़ा समिति के सदस्यों द्वारा कांवड़ का पूजन किया गया। उक्त कांवड़ यात्रा में 50 से अधिक यात्री सम्मिलित हुए हैं, जो की कंधों पर डाक कावड़ के साथ ही भोलेनाथ की शिवलिंग एवं नंदी की प्रतिमा भी लेकर चल रहे हैं। इस दौरान पोलाय में ग्रामीणों ने कांवड़ियों का चाय नाश्ता के साथ स्वागत किया गया। साथ ही चापड़ा के युवकों द्वारा भी नेमावर से उज्जैन तक डाक कावड़ अपने कंधों पर उठाकर पुण्य लाभ लिया गया। महाकाल कावड़ यात्रा समिति के संचालक कमल मेवाड़ा, सुरेश पटेल, धर्मेन्द्र डेरी, महेंद्र डेरी आदि कांवड़ियों ने बताया कि हर वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नेमावर सिद्धेश्वर घाट से जल लेकर उज्जैन महाकालेश्वर भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा एवं बाबा महाकाल से क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामना के साथ जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान राम रसोड़ा के कार्यकर्ता नितेश प्रजापत , रामसिंह भाटी, मोहनलाल यादव,तेजू बागवान, सालगराम पाटीदार, श्रवण प्रजापत, जितेंद्र सिंह सेंधव, सुरज मल सेठ, गेंदालाल सेठ, चम्पा लाल सेठ, शोभाराम जाट, बलराम जाखड़, राजा यादव, बसंती लाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### राम रसोड़ा का हुआ शुभारंभ

**भौरासा।** रामदेवरा जाने वाले यात्री पैदल ही हजारो किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बाबा के दरबार में पहुंचते हैं अधिकतर लोग पैदल ही रामदेवरा जाते हैं सावन मास में यह सब लोग इस यात्रा को करते हैं और इनकी सेवा के लिए जगह-जगह भंडारो के पांडाल लगे होते हैं। ऐसे ही भंडारे के पांडाल भौरासा क्षेत्र के काकड़ादा फाटे के पास पिछले 13 वर्षो से लगाए जा रहे हैं जिनमें इन राम रसोडे के माध्यम से हजारों यात्रियों की भूख प्यास मिटाई जाती है। काकड़ादा फाटे के समीप लगे राम रसोड़ा में ग्राम बोलासा,खुर्द पिपलिया,जंगीपुर, काकड़दा में ग्रामीण मुख्य रूप से अपनी सेवा 24 घंटे देते हैं। ठाकुर बाबू सिंह पटेल खुर्दपिपलिया ने बताया की इसका आयोजन लगातार 13 वर्ष से किया जा रहा है, यहां आने वाले भक्तों का हम लोग बड़े प्रेम से स्वल्पाहार करवाते है और जो भक्त रात्रि में विश्राम के लिए रुकते हैं उनके लिए भोजन में दाल बाटी की व्यवस्था कराते हैं। रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर और पंखे की सुविधा भी गई हैं। शुक्रवार को राम रसोडे के भंडारे का शुभारंभ किया गया। राम रसोडे भंडारे के अवसर पर पिपल्याखुर्द सरपंच महिपाल सिंह बैस, ईश्वर सिंह बैस, कैलाश सिंह धाकड, मेहरबान सिंह धाकड, कैलाश सिंह धाकड, हुकम सिंह गौड, राजेंद्र पुरी,उपसरपंच, धीरज सिंह, रविंद्र सिंह, दिलीप सिंह, अरूण मालवी,लक्ष्मण सिंह फौजी आदि मोजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी हुई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का आयोजन शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवास के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी बागली डॉ. हेमंत पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर मे प्रत्येक माह की 9 तारीख को महिलाओं को चिन्हित कर उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा एवं प्रतिमाह की 25 तारीख को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सुझाव अनुसार गर्भवती माताओ की जांच एवं सोनोग्राफी भी निःशुल्क की जाएगी। शिविर मे आने वाली 121 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच एवं उपचार डॉ. मोहित दुबे एवं डॉक्टर नीतिका माहेश्वरी द्वारा की गई। सोनोलॉजिस्ट डॉ. जॉन जोसेफ द्वारा सर्वप्रथम फरजाना अब्दुल रशीद गर्भवती महिला की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर, पायल चौबे नर्सिंग ऑफीसर ,सेलिना जामले , ममता प्रजापत, बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतनसिंह जामले, बी.सी.एम. यतीन्द. बैरागी, सुपरवाईजर नन्दकिशोर मोहवाल एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

### निषाद पार्टी ने मनाया पफूलनदेवी का शहादत दिवस

**ललितपुर**। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी ने ब्लॉक जखौरा के ग्राम हर्षपुर मजरा साठिया में पूर्व सांसद फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया, जिसमें महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना रैकवार करीपहाड़ी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महिलाओं का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने फूलन देवी के बारे में अपने-अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा ने पूर्व सांसद फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि अन्याय के खिलाफ एक कमजोर महिला कैसे शेरनी बनी। प्रदेश ही नहीं न देश ही नहीं विश्व में चौथे नंबर की क्रांतिकारी महिला के रूप में इतिहास में जगह मिली। यह महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। निषाद पार्टी ने मांग की है कि इनका किताबों में जीवन परिचय पढाया जाए, जिससे महिलाओं के हौसले बुलंद रहे। इस दौरान मुकेश रैकवार, पीयूष रैकवार, काशीराम रैकवार, राजेश रैकवार, शिवराज रैकवार, सुरेंद्र रैकवार, दीपक रैकवार, हरदयाल रैकवार आदि उपस्थित रहे।

### बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना जाखलौन अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 अप्रैल की रात करीब 11 बजे ग्राम गनगौरा में अपने परिवार के साथ मजदूरी कर रहा था। तभी उसकी पुत्री को ललितपुर के सुरईघाट स्थित कालोनी निवासी मोहन सहरिया पुत्र हीरालाल बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाने में गांव के विजय पुत्र किशोरीलाल, अंगूरी पत्नी विजय, चुनमुन पुत्र विजय व ग्राम बुढ़वार निवासी जाहर सहरिया ने सहयोग किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल, रेफर

**ललितपुर**। महरौनी के ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी विनीता राजा पत्नी स्व.कमल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते माह जून की 2 तारीख को अपराह्न 2 बजे उसका पुत्र दीपक राजा गांव के पुष्पेन्द्र राजा की मोटर साइकिल पर सवार था और गाड़ी पुष्पेन्द्र चला रहा था। महाविद्यालय के पास पहुंचे ही थे कि तभी महरौनी से आ रही बाइक चालक सौजना निवासी नीलेश विश्वकर्मा पुत्र ग्यासी ने जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने दीपक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। यहां से दीपक को झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया। जहां उसके पुत्र का विगत 16 दिनों से उपचार चल रहा है।

### शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर**। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली से सम्बद्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन के नेतृत्व में बीएसए को शिक्षक- शिक्षिकाओं के चयन वेतनमान को लेकर सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 28 जनवरी एवं 26 मार्च को अन्य जनपदों के ऑफलाइन स्वीकृत चयन वेतनमान आदेश संलग्न करते हुए जिले में भी चयन वेतनमान ऑफलाइन स्वीकृत करने हेतु बीएसए को ज्ञापन सौंपा गया था। बीएसए ने एक सप्ताह का समय संगठन को ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने हेतु दिया था। लेकिन 30 जून तक कोई भी ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत नहीं किया गया। जिसके क्रम में संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा 30 जून को सीडीओ की उपस्थिति में समस्त संलग्न सहित ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने के लिए फिर से ज्ञापन दिया, जिस पर सीडीओ के समक्ष बीएसए ने दस दिन का समय देते हुए ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने के लिए सहमति बनी 24 जुलाई तक पूर्व की भांति यथास्थिति बनी हुई है। ऑफलाइन चयन वेतनमान का आदेश सीडीओ द्वारा निर्गत नहीं किया।

---

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधितों को दिए निर्देश

# हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने, जल्द पूरा कराएं विद्युतीकरण कार्यः जिलाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत आपूर्ति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर त्वरित गति से विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराते हुए घर-घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को मसौरा सिंधवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुरैरा, किसरदा एवं बिल्ला मोगान योजना के भौरट बांध में स्थित इंटेक बेल को स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु शीघ्र निर्देशित किया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कुरैरा, किसरदा एवं बिल्ला मोगान योजना के भौरट बांध में स्थित इंटेक बेल को स्वतंत्र विद्युत कनेक्शन 29 जुलाई तक ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। धौर्रा बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक बेल एवं डब्लू0टी0पी0 को 10 अगस्त तक ऊर्जाकृत करने हेतु अवगत कराया। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा जिलाधिकारी को आश्वासन दिया गया कि धौर्रा बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना के मुडारी, बालाबेहट, डुंगरिया, चन्देरा को 15 अगस्त तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि रेक्ट्रोफिटिंग योजनाओं में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नही रहती है जिसके कारण ग्रामों में जलापूर्ति बाधित रहती है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि रेक्ट्रोफिटिंग योजनाए टैपिंग द्वारा ऊर्जाकृत है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु विद्युत वितरण विभाग को जल निगम ने पत्र के द्वारा निवेदन किया है कि रेक्ट्रोफिटिंग योजनाओं को स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु विद्युत वितरण विभाग द्वारा प्राक्कलन प्रस्तुत किया जाना है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग को प्राक्कलन प्रस्तुत करने, जल जीवन मिशन की योजनाएं जो स्वतंत्र ऊर्जाकृत हो गयी है में शुचारू रूप से एवं उचित वोल्टेज विद्युत आपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया।

**9 कनेक्शन वन क्षेत्र के अन्तर्गत शेष हैं**

अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं अधिशासी अभियन्ता उप्र जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि वन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 21 स्थलों के सापेक्ष 12 कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिये गये है। शेष 9 कनेक्शन वन क्षेत्र के अन्तर्गत शेष है। वन क्षेत्र में आने वाले कुल 1078 पेड़ों की कटाई के सापेक्ष 898 पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष 180 पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना है, किन्तु वन निगम द्वारा कटाई का कार्य वर्तमान में नही किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित वन निगम के प्रतिनिध से इस सम्बन्ध में पूछा तो वन निगम के प्रतिनिध ने अवगत कराया कि वर्षा के कारण वन निगम के डिपो में जाने वाली सड़क खराब हो गयी है जिसके कारण काटे गये पेड़ो का डिपो में नही लाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने वन निगम के डीएलएम को इस सम्बन्ध में अवगत कराया एवं शेष पेड़ों की कटाई शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग राजेश कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उप्र जल निगम (ग्रामीण), अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण विभाग, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड विद्युत वितरण विभाग, एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

मध्यप्रदेश ले जा रहे थे

# खाद से लदी डीसीएम व ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मध्यप्रदेश की सीमा से सटा तहसील मड़ावरा क्षेत्र में रसायनिक खाद की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर होने के चलते सुर्खियों में बना है।यहाँ खाद की कालाबाजारी का खेल लम्बे समय से चल रहा है।बीती देर रात्रि बुधवार को उपजिलाधिकारी मड़ावरा ने चेकिंग के दौरान रवि पेट्रोल पंप के पास से मध्यप्रदेश जा रहे रासायनिक खाद से लदी डीसीएम ट्रक को ट्रैक्टर में खाद पलटी करते समय पकड़ लिया।

मौक़े पर किसी भी प्रकार के प्रपत्र नही मिलने पर थाना मड़ावरा के सुपुर्द कर दिया।खाद की कालाबाजारी होने की असंका के चलते जिले के कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों को जाँच करने के उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिये।कृषि विभाग के आला अधिकारियों ने थाना मड़ावरा आकर रासायनिक खाद जाँच की गई।मामले को लेकर कृषि अधिकारियों ने अग्रिम



कार्यवाही हेतू थाना मड़ावरा के सुपुर्द कर जाँच पड़ताल सुरु कर दी।बताया गया कि खाद की कालाबाजारी पर उपजिलाधिकारी मड़ावरा ने देर रात्रि पकड़ा यूरिया रासायनिक खाद की लगभग 140 एपीएल से लदी थी।जिसको आईसर गाड़ी एवं बीना नम्बर का ट्रैक्टर ले जा रहा था । प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना भारत यूरिया रासायनिक खाद बोरियां पर अंकित था। रासायनिक खाद की अधिनियम 1955 में चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही हेतू जिलाधिकारी के अनुमोदन /अनुमति उपरांत अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

---

पति, फूफा ससुर व दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# कोर्ट में पेशी तारीख पर आई महिला का अपहरण करने का किया गया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

परिवार न्यायालय से तारीख करके लौट रही महिला को रास्ते में रोकते हुये उसके पति, फूफा ससुर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और विवाद करते हुये अपहरण करने का प्रयास किया। शोरगुल होने पर वहां से गुजर रहे वरिष्ठ पत्रकार महेश प्रसाद शर्मा ने ललकारा तो उक्त लोग मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। महानगर झांसी क थाना पारीछा अंतर्गत बेहटा पालर निवासी अंजना राजपूत पत्नी सुनील कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर




बताया कि घरेलू हिंसा को लेकर उसका परिवार न्यायालय ललितपुर में मुकद्मा विचाराधीन है। बीती 24 जुलाई को अपराह्न करीब 2 बजे वह तारीख करने न्यायालय आयी हुयी थी। न्यायालय की तारीख करके वह घर की जा रही थी, तभी वहां उसके पति सुनील कुमार पुत्र कोमल सिंह राजपूत, फूफा ससुर साहब सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ कार संख्या यू.पी.75 ए.ए. 4300 में जबरन धक्का देकर डाल दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। इसी बीच गाड़ी स्टार्ट करके चलने लगे, जिस पर वह चिल्लायी। इसी बीच वहां से गुजर रहे वरिष्ठ पत्रकार महेश प्रसाद शर्मा ने ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी 6 साल की पुत्री के साथ किसी प्रकार जान बचा सकी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

ग्रामवासियों ने विभिन्न समस्याओं को सामने रखा

# विधायक सदर ने ग्राम पंचायत जाखलोन में चौपाल पर सुनी समस्या, किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




विकास खंड विरधा की ग्राम पंचायत जाखलोंन में विधायक सदर रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न जनसमस्याओं को सामने रखा। जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल संकट, राशन वितरण, सड़क मरम्मत, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समस्याएं एवं अपेक्षाएं विधायक जी के समक्ष रखीं। सदर विथायक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ग्रामीण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु प्रतिबद्ध है तथा जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान उनकी प्राथमिकता है। इस जनचौपाल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता



सुरेश कोन्ते जी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष श्यामबिहारी कौशिक मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा मनोहर अहिरवार, अजय अहिरवार, प्रदीप साहू, मंगल, अरविंद रजक, आशाराम, राकेश रजक, सोन सिंह राजपूत, विष्णु लिटोरिया, अशोक सिंह, प्रतिपाल सिंह, जितेंद्र रिछारिया, जिला स्तर से नामित नोडल अधिकारी के रूप में परियोजना निदेशक दीपक खंड विकास अधिकारी विरधा इरशाद अहमद जी, खंड शिक्षा अधिकारी विरधा, संबंधित विभागों के अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, बीडीओ विरधा, सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में विधायक ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत हैं और हर स्तर पर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

---

# पात्र योजनाओं के लाभ से न रहे वंचितः चौहान

◆ जीरो पॉवर्टी सर्वे के अंतर्गत अब तक की गई प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जनपद के गरीब परिवारों एवं सहरिया जनजाति बाहुल्य ग्रामों को शहर की तर्ज पर विकास की मुख्य धारा में लाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा शुरू की गई मुहिम ₹जीरो पॉवर्टी सर्वेक्षण₹ की समीक्षा हेतु गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जीरो पावर्टी सर्वे हेतु सभी विभागों को ग्रामपंचायतवार प्रारूप भेजा गया है, उस प्रारूप पर संबंधित योजनाओं में पात्र पाए गए लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। सभी खंड विकास अधिकारी इन लाभार्थियों के आवेदन करवाने की व्यवस्था करेंगे और यदि उनके पास वंचित दस्तावेज नहीं हैं तो उनके कागज बनवाने की व्यवस्था भी कराएंगे। जीरो पावरी सर्वे हमारी प्राथमिकता है, कोई भी पात्र लाभार्थी किसी दस्तावेज की कमी के कारण लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराकर शीघ्र लाभार्थियों को योजनाओं कालाभ दिलाना सुनिश्चित करें, उनकेआवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहें।

---

दिव्यांग ने जिलाधिकारी से की शिकायत

# प्रधानमंत्री आवास की राशि दिलाने 20 हजार मांगने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कितना भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को उस समय देखने को मिला, जब आंखों से दिव्यांग व्यक्ति ने अपने सहयोगी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक शिकायती पत्र भेजा।

महरौनी तहसील के ब्लाक बार अंतर्गत ग्राम मौगान निवासी दिव्यांग धनीराम अहिरवार पुत्र नवला ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह आंखों से शत-प्रतिशत दिव्यांग है। पूर्व में उन्होंने कई बार डीएम से शिकायत की थी, उनका



प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होकर चयन सूची में नाम अंकित हो गया था। आरोप है कि गांव के प्रधान के पुत्र द्वारा प्रधानमंत्री आवास की धनराशि दिलाने के नाम पर बार-बार 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि रुपये देने में असमर्थता व्यक्त करने पर प्रधान पुत्र द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये धमकाया जा रहा है। आरोप है कि प्रधान पुत्र पेशे से शिक्षामित्र है, जो कि विद्यालय में हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। पीड़ित ने बताया कि प्रधान पुत्र का कहना है कि 20 हजार रुपये दे दोगे तो 2 दिन में ही किश्त आ जायेगी, अन्यथा आवास की धनराशि नहीं मिलेगी।

---

गौना में कलश यात्रा निकाली

# शिव महापुराण कथा से होता है मन शुद्ध : प्रपन्नाचार्य

महरौनी (ललितपुर)। ग्राम पंचायत गौना में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से प्रारंभ हुई इस शिव कथा में प्रथम दिवस ही सैकड़ो की संख्या में श्रोता पहुंचे। कथावाचक वृंदावन से पधारे स्वामी अभ्यऐश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा प्रथम दिवस शिव महापुराण की कथा का महत्व समझाया। बताया कि शिव



महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है। क्योंकि भगवान भूतों के अधीश्वर साक्षात परमात्मा हैं। जो समस्त जीवों को आत्म ज्ञान देकर ईश्वर से जुडने की कला सिखाते है। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है। लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता है। भगवान शिव भी सत्संग का महत्व मां पार्वती को बताते हुए कहते है कि उसकी विद्या, धन, बल, भाग्य सब कुछ निरर्थक है जिसे जीवन में संत की प्राप्ति नहीं हुई। परन्तु वास्तव में सत्संग कहते किसे हैं। सतसंग दो शब्दों के जोड़ से मिलकर बना यह शब्द हमें सत्य यानि परमानंद और संग अर्थात मिलन की और इगित करता है। परमात्मा से मिलन के लिए संत एक मध्यस्थ है। इसलिए हमें जीवन में पूर्ण संत की खोज में अग्रसर होना चाहिए, जो हमारा मिलाप परमात्मा से करवा दे।

---

परीक्षा के लिए यातायात पुलिस ने कमर कसी

# आरओ-एआरओ की परीक्षा कराने की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा) की परीक्षा का आयोजन ललितपुर में बनाये गये ग्यारह परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। केन्द्रों तक परीक्षार्थियों को सकुशल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस भी काफी संजीदा हो चली है। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पहुंच कर यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने टैक्सी चालकों/मालिकों को संबोधित करते हुये परीक्षा के दृष्टिगत सहयोगात्मक रवैया अपनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश, एएसपी कालू सिंह व सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में आरओ/एआरओ परीक्षा के मद्देनजर यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पहुंच कर सवारी टैक्सी चालकों से आह्वान किया कि विभिन्न राज्यों व शहरों से परीक्षार्थियों का आगमन शनिवार व रविवार को ललितपुर में होगा। परीक्षार्थी विभिन्न माध्यमों यथा- ट्रेन, बस, कार, ऑटो या फिर दो पहिया वाहनों के जरिए ललितपुर पहुंचेंगे। यहां ट्रेनों, बसों से आने वाले परीक्षार्थियों को ललितपुर में बनाये गये 11 परीक्षा केन्द्रों तक सकुशल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए टैक्सी चालक सहयोग करें। इसके अलावा टैक्सी में सवारी किराया मनमाने तरीके से न बढ़ायें। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने में टैक्सी चालकों/मालिकों की अहम भूमिका होगी, जिसका निर्वाह्न वह पूरी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ करें।

**टैक्सी चालकों ने व्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई**



यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी के आह्वान पर टैक्सी चालकों ने प्रतिबद्धता दोहराते हुये कहा कि परीक्षा देने आ रहे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जायेगी। अभ्यर्थियों को सकुशल परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने में सहयोग किया जायेगा।

### डेढ़ घंटे पहले तक मिलेगा प्रवेश

27 जुलाई दिन रविवार को सुबह 9.30 से अपराह्न 12.30 बजे तक आरओ/एआरओ परीक्षा ललितपुर में बनाये गये 11 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जायेगी। इसके लिए प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्था के अनुसार परीक्षार्थी को निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों तक परीक्षा प्रारंभ होने के करीब 1 घण्टा 30 मिनिट पहले प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनिट पहले परीक्षा केन्द्र में प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। प्रवेश बंद होने के उपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### किसानों से सीधे किया संवाद, उन्नत खेती के लिए दिए आवश्यक सुझाव

# बारिश के बीच खेतों में कलेक्टर ने पहुंचकर लिया फसलों का जायजा



## आटा मिल, ब्रिक्स निर्माण इकाईयों का भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को राजगढ़ एवं ब्यावरा ब्लॉक के ग्राम खाजला, लालगढ़, बामलाबे, मांडाखेड़ा, खुरी एवं कीलखेड़ा का भ्रमण किया। इस दौरान भरी बारिश के बीच कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खेतों में पहुंचकर किसानों से सीधी बातचीत की। उन्होंने किसानों से खेती संबंधी चुनौतियों, विपणन प्रक्रिया और लाभ की संभावनाओं पर चर्चा की तथा व्यवहारिक एवं उपयोगी सुझाव प्रदान किए।

ग्राम खाजला एवं लालगढ़ में उन्होंने उद्यानिकी से जुड़े किसानों खेतों में लगे नींबू, सीताफल, पपीता, केला, स्ट्रॉबेरी एवं स्वीटकॉर्न जैसी फसलों का अवलोकन किया। किसान बंशी लाल ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में पपीते के 1200 एवं केले के 1700 पौधे लगाए हैं। किसानों ने बताया कि उनके द्वारा सीताफल और स्ट्रॉबेरी इंदौर, भोपाल और कोटा में विक्रय की जा रही हैं। परंपरागत फसलों की तुलना में उद्यानिकी फसलों से उन्हें अधिक आर्थिक लाभ मिल रहा है।

### किसानों को दी एपीओ गठित करने की सलाह

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किसानों को समूह बनाकर कृषि उत्पादक संगठन एपीओ (एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन) गठित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एपीओ के माध्यम से किसान संगठित होकर उत्पादों का मूल्य संवर्धन, बाजार विस्तार और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की पहल से जिले में कृषि नवाचार को गति मिलेगी और अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### बामलाबे में बायोगैस संयत्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्राम बामलाबे में किसान हरिओम द्वारा संचालित बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया एवं अन्य किसानों को बायोगैस के पर्यावरणीय एवं आर्थिक लाभों की जानकारी दी। ग्राम मांडाखेड़ा में उन्होंने किसान रामनारायण परमार द्वारा किए जा रहे डेयरी कार्य का अवलोकन किया, जहां प्रतिदिन लगभग 200 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इस अवसर पर किसानों पप्पू जाटव, अर्जुन जाटव एवं कालू जाटव को 'सोहिल हेल्थ कार्ड' भी वितरित किए।

### अन्य कारखानों, इकाईयों का भी किया अवलोकन

खुरी ग्राम पहुंचे कलेक्टर ने हितग्राही जगदीश दांगी के यहां आटा मिल एवं ब्रिक्स निर्माण इकाई की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त ग्राम कीलखेड़ा स्थित कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण कर उसकी भंडारण क्षमता, रख-रखाव तथा उसमें रखे जा रहे संतरा, धनिया, गुड़ आदि की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण के अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सचिन जैन, प्रहलाद सिंह बारेला, जिला उद्यानिकी अधिकारी वीरेंद्र सिंह मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### अवंतीपुर बडोदिया के अमस्या खेडी गांव का मामला

# ससुराल में महिला की मौत, बेटे ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के अंतर्गत ग्राम अमस्या खेड़ी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार शाम को 45 वर्षीय संतोष बाई पत्नी भेरूसिंह (जाति गुर्जर) की मृत्यु के मामले में उनके बेटे ने हत्या का आरोप लगाया है। इस पूरे हत्या के मामले को जमीन विवाद से जोड कर देखा जा रहा है क्योंकि कुछ दिन पूर्व ही परिवार मे जमीन को लेकर झगडा हुआ था।

बेटे के साथ ननिहाल पक्ष के परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, संतोष बाई के परिवार में उनके पति भेरूसिंह और पुत्र बंटी उर्फ महेश रहते हैं। भेरूसिंह मंदबुद्धि हैं और घटना के समय उनका बेटा महेश सावरिया जी के दर्शन के लिए गया हुआ था। वह घटना के दिन शाम को ही घर वापस लौटा था। लेकिन महेश को रहा पता नही था की मेरी मा की हत्या हो जायेगी महेश तब सवारिया जी से वापस लोट रहा था तब क्षीप्रा पर उसके पास फोन आता है कि उसकी मां संतोष बाई की तबीयत खराब है तब महेश ने कहा कि मे क्षिप्रा आ गया हु फिर महेश ने अपने दोस्त डाक्टर को फोन लगाकर जानकारी ली तो वीमार होने की बात झूठ निकली और गुरुवार रात 10 बजे महेश अपने गाव अमस्या खेडी पहुंचा तो वहा उसे अपनी मां मृत अवस्था मे मिली मृतका के पुत्र बंटी उर्फ महेश ने बताया कि उसके पिता मंदबुद्धि हैं और वे हत्या नहीं कर सकते। उसने यह भी बताया कि उसकी मां के सिर पर चोट के निशान हैं और गला दबाने के भी निशान मिले हैं। मेरी मां की परिवारिक विवाद मे हत्या की गई है। जब इस पूरे मामले की जानकारी थाना प्रभारी धनश्याम बैरागी ली गई तो उन्होंने कहा कि गुरुवार रात्रि मे मर्ग कायम करके मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव को हमारे कब्जे मे लिया और मकान को सील कर दिया गया था जहा पर शुक्रवार को 1 बजे शुजालपुर एस डी ओ पी निमेश देशमुख थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी फारेंसक टीम के साथ अमस्या खेडी पहुंचे जहा पर सभी पहलू पर बारकी से जाच कि गई है उन्होंन कहा कि फारेंसिक जांच, फिंगरप्रिंट और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। प्रथम दृष्टि में यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। शुक्रवार को 3 बजे तीन डाक्टरों की पेनल ने पोस्टमार्टम करके शव परिजनो को सोपा दिया गया है अब आगे की कार्यवाही पुलिस के द्वारा की जायेंगी क्योंक पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है। अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

**जांच की जा रही है**

प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है, इस पूरे मामले को लेकर सभी पहलू पर जांच कि जाएगी जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**घनश्याम बैरागी,** थाना प्रभारी अवंतीपुर बडोदया

---



### पुष्प अर्पित कर मनाया कुंवर चैनसिंह का बलिदान दिवस

**नरसिंहगढ़।** गुरुवार को प्रथम स्वाधीनता संग्राम सैनानी और नरसिंहगढ़ रियासत के कुंवर चैनसिंह जी की पुण्यतिथि नगर में धूमधाम के साथ मनाई गई। कुंवर चैनसिंह पुण्य स्मृति के अवसर पर छारबाग स्थित शहीद स्मारक पर सुबह से ही नगरवासियों का आना जाना लगा रहा। लोगो ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए अमर शहीदो को अपनी श्रृद्धांजली अर्पित की। कुंवर चैनसिंह पुण्य स्मृति के अवसर पर छारबाग स्थित शहीद स्मारक पर सुबह से ही नगरवासियों पहुंचे। सैकड़ो लोगो ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए अमर शहीदो को अपनी श्रृद्धांजली अर्पित की। इस दौरान छत्री से जुड़े श्रृद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा अर्चना कार्यक्रम सम्पन्न किए गए। इस दौरान पुलिसकर्मीयो ने गॉड ऑफ ऑनर की सलामी देते हुए शहीदो को सम्मान दिया। इसमें विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, नपाध्यक्ष कविता लोकेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

---

### खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति ने

# क्षिप्रा मैया के जल से नगर के शिवालयों में किया अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वीर खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में लगातार आठवें वर्ष भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन करवाया गया। करीब पांच दिनों तक उज्जैन से राजगढ़ तक की इस पैदल कांवड़ यात्रा में समिति के करीब 70 से अधिक युवा सम्मिलित थे। उज्जैन से प्रवाहित क्षिप्रा मैया का जल कांवड़ में भरकर श्रृद्धालु युवाओं का यह दल बुधवार शाम नगर में पहुंचा। मंदिर में रात्रि विश्राम उपरान्त गुरुवार को ढोल-ढमाकों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होकर कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर के विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर कांवड़ियों ने क्षिप्रा मैया के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया। कांवड़ यात्रा का समापन खोयरी स्थित बैजनाथ महादेव धाम पर हुआ जहां सभी ने भगवान बैजनाथ का अभिषेक, पूजा इत्यादि करते हुए महाआरती की। इसके उपरान्त सभी भक्तों को महाप्रसादी का वितरण करवाया गया।

### स्थान-स्थान पर हुआ यात्रा का स्वागत

समिति पदाधिकारी अजय पुष्पद ने बताया कि कांवड़ यात्रा के उज्जैन से रवाना होने के उपरान्त रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न नगरों, कस्बों एवं ग्रामों में भव्य स्वागत, अभिनंदन स्थानीय श्रृद्धालुओं द्वारा किया गया। इसके साथ ही राजगढ़ नगर में भी विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक समितियों द्वारा स्थान-स्थान पर कहीं फलाहारी स्वल्पाहार, चाय इत्यादि से स्वागत किया गया।

---

### सिंधिया फैंस क्लब के पदाधिकारी पहुंचे राजधानी दिल्ली

# दूरसंचार मंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

तंवर समाज एवं सिंधिया फैंस क्लब जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर सहित क्लब के अन्य साथियों द्वारा गत दिवस देश की राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट की गई। इस दौरान मंत्री सिंधिया को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्धों से अवगत कराया गया।

श्री तंवर ने बताया इस मप्र सहित राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के पदाधिकारी भी दिल्ली पहुंचे थे जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रीय मुद्धे केंद्रीय मंत्री सिंधिया के सम्मुख रखे। फैंस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय सक्सेना के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी एस.आर. पारीक के नेतृत्व में जिले से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़ जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं, जन-समस्याओं इत्यादि से श्री सिंधिया को अवगत कराते हुए जिले में आने का आगृह किया। इसके साथ ही सिंधिया फैंस क्लब द्वारा जिले में किए जा रहे सामाजिक कार्यों, रचनात्मक गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर कुलदीप पार्षद, नवल सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# विवेकानंद एकेडमी में हरियाली पर्व पर विद्यार्थियों ने रोपे पौधे



**ब्यावरा।** शहर के विवेकानंद एकेडमी में हरियाली पर्व के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों से लेकर 12 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। विद्यालय प्रांगण में हुए इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और हरियाली को बढ़ावा देना तो था ही इसके साथ साथ उन्हें प्यावरण संरक्षण के बारें में भी विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने वर्ग के नाम से पौधे लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रण किया कि वे नियमित रूप से पौधों की देखभाल करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हरियाली ही जीवन है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और हरित वातावरण देना है। इस अवसर पर प्राचार्या अंकिता गुप्ता, के साथ शिक्षकों में सीमा त्रिपाठी,नेहा शर्मा, संजय सक्सेना, चित्रा शर्मा, सीमा शर्मा एवं साक्षी गौढ सहित समस्त स्टॉफ ने उपस्थित रहकर पौध रोपण किया ।

---

### अमृत भारत अभियान एवं नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**खुजनेर।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर गुरुवार मांगलिक भवन खुजनेर में अमृत भारत अभियान के तहत एवं नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पंकज शर्मा पूर्व न.पा.अध्यक्ष खुजनेर, मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व नप उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक मंगल व्यास नगर परिषद से भूपेन्द्र लोहिया, नवांर्कु संस्था सेक्टर प्रभारी दयाराम यादव सहित नगर की सभी मातृशक्ति की उपस्थिति रही , कार्यक्रम के प्रारंभ में माननीय मुख्यमंत्री के संदेश का प्रस्तुतीकरण किया गया हरियाली अमावस्या के महत्व के बारे में पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करने की आवश्यकता है और लगातार इस अभियान को चलाना है कार्यक्रम की रूपरेखा विकासखंड समन्वयक मंगल व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें नवांर्कु सखी योजना के तहत किये जा रहे कार्यक्रम में विकासखंड में 500 महिलाओं का समूह बनेगा।

---

# न्यायालय परिसर में आधार कार्ड पर की गई कार्यशाला आयोजित

### आधार की सुधार प्रक्रिया में सीमाओं से कराया अवगत



**सारंगपुर।** जिला एवं तहसील न्यायालय परिसर में आधार कार्ड कार्य प्रणाली को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमजन को आधार कार्ड अपडेट प्रक्रिया, नियमों एवं संशोधित गाइडलाइन की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में आधार सुपरवाइजर अनिल कुमार पुष्पद एवं नितेश पुष्पद द्वारा विस्तृत जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि आधार में जन्मतिथि केवल एक बार ही अपडेट की जा सकती है, इसकी सीमा निर्धारित है। वहीं नाम दो बार अपडेट किए जा सकते हैं और लिंग (जेंडर) में भी सिर्फ एक बार बदलाव की अनुमति होती है। हालांकि, पते (एड्रेस) में बदलाव की कोई सीमा नहीं है । नागरिक कितनी भी बार एड्रेस अपडेट करवा सकते हैं। सुपरवाइजरों ने यह भी बताया कि आधार अपडेट के लिए डिजिटल और कलर डॉक्यूमेंट अनिवार्य हैं। दस्तावेजों की स्पष्टता और वैधता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे अपडेट प्रक्रिया में किसी प्रकार की अड़चन न आए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में न्यायालय परिसर से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद रहे।

---

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में जअप ने किया पौधरोपण

# पौधों से हरियाली संदेश, समाजसेवियों व नवांकुर सखियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत नवांकुर संस्था (सेक्टर सारंगपुर) द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एक पेड़ मां के नाम नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत गुरुवार, अमावस्या के पावन अवसर पर सिविल अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जामुन, सीताफल, कटहल, गुलमोहर जैसे फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि मातृत्व के सम्मान में प्रकृति से जुड़ाव को भी दर्शाना है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, नवीन रुण्डवाल, मनोज पुष्पद, रेखा पुष्पद, रामकुंवर पुष्पद,लक्ष्मी बाई, सुनीता बाई सहित अनेक नवांकुर सखी महिलाएं एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य उपस्थित रहे। वही इसी के तहत विकास खंड के संडावता, पचोर, असारेटा, बालोडी में भी पौधा रोपण किया गया। सभी ने मिलकर पौधों की देखरेख व संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

---

### नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के तहत कोतवाली परिसर में हुआ संवाद

# नशा व्यक्ति नहीं बल्कि परिवार को कर देता है खत्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और समुदाय की प्रतिष्ठा एवं भविष्य को भी गहरे संकट में डाल देता है। इसी गंभीर विषय को लेकर नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के अंतर्गत राजगढ़ कोतवाली परिसर में गुरुवार को एक जन-जागरुकता संवाद आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन कोतवाली पुलिस और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति के प्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से संकल्प लिया कि वे न तो स्वयं किसी प्रकार का नशा करेंगे और न ही अपने परिवार, मोहल्ले या समुदाय में किसी को नशा करने देंगे। साथ ही, जो लोग नशा करते हैं, उन्हें समझाकर, रोककर और सही मार्गदर्शन देकर इस बुराई से दूर करने का प्रयास भी करेंगे। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने कहा कि नशा किसी भी रूप में चाहे वह बीड़ी, सिगरेट, शराब, गांजा, अफीम या अन्य मादक पदार्थ हो वह व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य, रिश्तों और सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण जहां एक ओर घर-परिवार टूट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है। अब समय है कि हम सभी मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट हों और इसे जड़ से खत्म करें।

### नशा पहले आदत बनकर फिर बदल जाता है लत में

इस दौरान सब-इंस्पेक्टर सरिता मिश्रा ने भी लोगों को समझाते हुए कहा कि कोई भी नशा पहले आदत बनता है और धीरे-धीरे लत में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति नशा करता है, तो उसे देखकर और अन्य लोग विशेषकर युवा प्रभावित होकर उसी रास्ते पर चलने लगते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम न केवल खुद नशे से दूर रहें, बल्कि दूसरों को भी इससे मुक्त करने की दिशा में प्रयास करें। साथ ही, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने भी कहा कि वे अपने-अपने स्तर पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते रहेंगे।

---

### कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में...

# समारोह के दौरान नई साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खिली मुस्कान



**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण एवं उत्कृष्ट छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि बेटियां खूब पढ़ें, आगे बढ़ें और माता-पिता का नाम रोशन करें, सरकार हर संभव मदद करेगी।उन्होंने कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब गांवों से बेटियों को पढ़ने शहर नहीं भेजा जाता था। आज इस स्कूल में 70 फीसदी छात्राएं गांवों से पढ़ने आ रही हैं।

विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। एक छात्रा को स्कूटी दी गई है। वर्ष 2023-24 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ,ईश्वर तोमर, विष्णु सिंह पवांर ,लाखन सिंह तोमर, हेमंत जोशी,संजय भावसार,मुकेश पुष्पद , देवकीनंदन जमींदार डिगा , शम्भू वर्मा, कमल झावा शिक्षकगण - बीईओ, बीआरसी,कैलाश शर्मा, विनोद चैधरी , जुनेद अहमद श्याम वर्मा जनशिक्षक द्वय बालचंद सिंगला,प्रेमसिंह वर्मा रमेशचंद्र मालवीय, गिरीराज गुप्ता ,रजनीश भावसार, रईस खान, विनोद वर्मा मोजूद रहे।संचालन शिक्षक योगेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं की 51 छात्राओं को शासन की योजना के तहत गांव से स्कूल आने-जाने के लिए साइकिल दी गई।